**REVISED ADVERTISEMENT**

**रबड़ बोर्ड**
**(वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार)**
**कोट्टयम, केरल**
**विज्ञापन सं.2025-02**

रबड़ बोर्ड में (1) निदेशक (अनुसंधान) और (2) निदेशक (प्रशिक्षण) के पदों पर सीधी भर्ती के लिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। भर्ती पोर्टल recruitments.rubberboard.org.in के ऑनलाइन भर्ती लिंक का उपयोग करके आवेदन जमा किए जा सकते हैं।

पोस्ट कोड सं: 2025-02-01

1. **निदेशक (अनुसंधान)** – 1 रिक्ति, वेतन मैट्रिक्स के लेवल 13 में (पूर्व-संशोधित वेतनमान रु.37400-67000 (पीबी4) ग्रेड वेतन रु.8700/-)। आयु सीमा 01-04-2025 के अनुसार 55 वर्ष (रबड़ बोर्ड कर्मचारियों को नियमानुसार आयु में छूट लागू है)।

   इस पद पर रबड़ बोर्ड के कर्मचारियों को लागू महंगाई भत्ते और अन्य लाभ दिए जाएंगे। बोर्ड के पास इस पद को न भरने का भी अधिकार सुरक्षित है।

**अर्हता** :

**अनिवार्य**:

ए. कृषि / वनस्पति विज्ञान / रसायन विज्ञान / रबड़ प्रौद्योगिकी की किसी भी शाखा में स्नातक, स्नातकोत्तर और डॉक्टरेट की उपाधि।

बी. उपर्युक्त विषयों की किसी भी शाखा में अनुसंधान रूपायित करने, आयोजित करने और मार्गदर्शन करने में बारह वर्ष का अनुसंधान अनुभव, जैसा कि सूक्ष्म पुनरीक्षित वैज्ञानिक पत्रिकाओं में प्रकाशित आलेखों द्वारा प्रमाणित है, जिसमें से सात वर्ष का अनुभव डॉक्टरेट की उपाधि के बाद होना चाहिए।

**वांछनीय :**

ए. अनुसंधान प्रभाग के प्रमुख के रूप में अनुभव, अधिमानतः बहुवर्षीय कृषि फसलों से संबंधित अनुभव।

बी. अनुसंधान प्रशासन का अच्छा अनुभव।

सी. विस्तार तकनीकों के आधुनिक विधियों का ज्ञान

<u>पोस्ट कोड सं: 2025-02-02</u>

1. **निदेशक (प्रशिक्षण)** – 1 रिक्ति, वेतन मैट्रिक्स के लेवल 12 में (पूर्व-संशोधित वेतनमान रु.15600-39100 (पीबी3) ग्रेड वेतन रु.7600/-)। आयु सीमा 01-04-2025 के अनुसार 55 वर्ष (नियमानुसार रबड़ बोर्ड कर्मचारियों को आयु में छूट लागू है)।

इस पद पर रबड़ बोर्ड के कर्मचारियों को लागू महंगाई भत्ते और अन्य लाभ दिए जाएंगे। बोर्ड के पास इस पद को न भरने का भी अधिकार सुरक्षित है।

**अर्हता** :

**अनिवार्य**:

1) कृषि/वनस्पति विज्ञान/रसायन विज्ञान या रबड़/पॉलिमर प्रौद्योगिकी में स्नातकोत्तर उपाधि।

2) सरकारी/स्वायत्त निकायों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/लिमिटेड कंपनियों में मानव संसाधन विकास में दस वर्ष का अनुभव, जिसमें से कम से कम पांच वर्ष वरिष्ठ पद पर होना चाहिए।

**<u>वांछनीय</u>**

1. किसी मान्यता प्राप्त संस्थान/विश्वविद्यालय से प्रबंधन में स्नातकोत्तर उपाधि/डिप्लोमा।
2. रबड़ से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रमों के रूपायन, आयोजन और कार्यान्वयन में अनुभव।
3. उपरोक्त किसी भी विषय में डॉक्टरेट की उपाधि

**आवेदन शुल्क और भुगतान का तरीका:**

ऑनलाइन मोड द्वारा आवेदन शुल्क के रूप में जीएसटी सहित 2500/- रुपये (प्रत्येक पद के लिए) देय होंगे। भुगतान पोर्टल के विवरण ऑनलाइन भर्ती आवेदन (ORA) पोर्टल पर उपलब्ध होगा। किसी अन्य माध्यम से भुगतान किया गया शुल्क स्वीकार नहीं किया जाएगा। महिला उम्मीदवारों और अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) के उम्मीदवारों को शुल्क के भुगतान से छूट दी गई है।

एक बार भुगतान किया गया शुल्क किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं किया जाएगा। यदि कोई दोहरा भुगतान किया गया है, तो आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि के बाद उसे वापस कर दिया जाएगा। निर्दिष्ट अवधि के बाद ऐसे आवेदनों और शुल्क भुगतान पर विचार करने के अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

**तैनाती का स्थान** : कोट्टयम, केरल

अभ्यर्थियों को पोर्टल recruitments.rubberboard.org.in के भर्ती लिंक का उपयोग करके ऑनलाइन आवेदन भरना होगा। वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन भर्ती आवेदन (ORA) जमा करने की अंतिम तिथि **05.05.2025** को रात 11.59 बजे है, जिसके बाद लिंक निष्क्रिय कर दिया जाएगा। किसी अन्य माध्यम से प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे और उन्हें तुरंत खारिज कर दिया जाएगा।

भर्ती पोर्टल पर विस्तृत निर्देश दिए गए हैं और अभ्यर्थियों को अद्यतन जानकारी के लिए अक्सर भर्ती पोर्टल का अवलोकन करना चाहिए।

किसी भी तरह से सिफारिश करना अयोग्यता होगी। सरकार एक ऐसा कार्यबल बनाने का प्रयास करती है, जो लैंगिक संतुलन को दर्शाता हो और महिला उम्मीदवारों को आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

**कार्यकारी निदेशक**

एम. वसंतगेशन, आई आर एस
M. VASANTHAGESAN IRS
कार्यकारी निदेशक
EXECUTIVE DIRECTOR
रबड़ बोर्ड RUBBER BOARD
(वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय)
(Ministry of Commerce & Industry)
भारत सरकार Govt of India
कोट्टयम Kottayam-686 002

कोट्टयम :

तारीख: 27-03-2025

**REVISED ADVERTISEMENT**

**THE RUBBER BOARD**
**(Ministry of Commerce & Industry, Govt.of India)**
**KOTTAYAM,KERALA**
**ADVT.No.2025-02**

Applications are invited from eligible candidates for direct recruitment to the posts of (1) Director (Research) & (2) Director (Training) in Rubber Board. Applications shall be submitted using the online recruitment link in the recruitment portal **recruitments.rubberboard.org.in**.

Post Code No: 2025-02-01

1. **Director (Research)** – 1 vacancy in Level 13 of Pay Matrix (Pre-revised scale of pay Rs.37400-67000 (PB4) Gr. Pay Rs.8700/-). Age limit 55 years as on 01-04-2025 (age relaxation is applicable to Rubber Board Employees as per Rules).

   The post carries Dearness Allowance & other benefits as applicable to Rubber Board Employees. The Board reserves the right not to fill up the post as well.

**Qualifications** :

**Essential**:

A. Bachelor's, Master's and Doctorate Degrees in any branch of Agriculture / Botany / Chemistry / Rubber Technology.
B. Twelve years research experience in planning, organizing and guiding research in any branch of the above subjects as evidenced by published papers in peer reviewed scientific journals, of which seven years experience should be after Doctorate degree.

**Desirable :**

A. Experience as Head of a Research Division, preferably dealing with perennial agricultural crops.
B. Experience of sound research administration.
C. Knowledge of modern methods of extension techniques

Post Code No: 2025-02-02

2. **Director (Training)** – 1 vacancy in Level 12 of Pay Matrix (Pre-revised scale of pay Rs.15600-39100 (PB3) Gr. Pay Rs.7600/-). Age limit 55 years as on 01-04-2025 (age relaxation is applicable to Rubber Board Employees as per Rules).

The post carries Dearness Allowance & other benefits as applicable to Rubber Board Employees. The Board reserves the right not to fill up the post as well.

**Qualifications** :

**Essential**:

1. Master's degree in Agriculture/ Botany / Chemistry or Rubber / Polymer Technology.
2. Ten years experience in Human Resource Development in Government / Autonomous Bodies / Public Sector Undertakings/Limited companies, of which at least five years should be in a senior position.

**Desirable**

1. Postgraduate degree/Diploma in Management of a recognised Institute / University.
2. Experience in planning, organising and implementing training programmes related to rubber.
3. Doctorate degree in any of the above subjects.

**Application Fee & Mode of remittance :**

Rs.2500/- including GST (for each post) will be payable as Application Fee through on-line mode. Details of payment portal will be available in the Online Recruitment Application (ORA) portal. Fee paid by any other mode will not be accepted. Women candidates and candidates belonging to Scheduled Castes (SC), Scheduled Tribes (ST) are exempted from payment of fee.

Fee once paid will not be refunded under any circumstances. Duplicate payments, if any, will be refunded after the closing date of submission of application. Request for

consideration of such applications and fee payment after the period specified shall not be entertained.

**Place of posting** : Kottayam, Kerala.

Candidates must apply online using the Recruitment link in the portal **recruitments.rubberboard.org.in**. Closing date for submission of Online Recruitment Application (ORA) through website is 11.59 PM on **05-05-2025** after which the link will be disabled. Applications received through any other mode will not be accepted and summarily rejected.

Detailed instructions are provided in the recruitment portal and candidates should refer the recruitment portal frequently for updates.

Canvassing in any form will be a disqualification. Government strives to have a workforce, which reflects gender balance and women candidates are encouraged to apply.

Kottayam,
Date: 27-03-2025

**EXECUTIVE DIRECTOR**

एम. वसंतगेशन, आई आर एस
M. VASANTHAGESAN IRS
कार्यकारी निदेशक
EXECUTIVE DIRECTOR
रबड़ बोर्ड RUBBER BOARD
(वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय)
(Ministry of Commerce & Industry)
भारत सरकार Govt of India
कोट्टयम Kottayam-686 002